भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1281
जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2023 को दिया जाना है

चुटका परमाणु ऊर्जा संयंत्र की प्रगति

1281 श्री नरेश बंसल :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में मंडला जिले के चुटका गांव के पास प्रस्तावित 1400 मेगावाट परमाणु ऊर्जा संयंत्र की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्थापित की जा रही परमाणु ऊर्जा परियोजना की अनुमानित लागत क्या है और इस विद्युत संयंत्र के विकास के लिए प्रस्तावित और आवंटित क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के बाघ अभयारण्य के आसपास विदयुत संयंत्र बनाना सुरक्षित होगा और क्या सरकार ने इसकी सुरक्षा संबंधी सावधानियों के लिए कोई प्रारंभिक अध्ययन किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) मध्य प्रदेश के मंडला जिले में 2x700 मेगावाट की चुटका परियोजना में अब तक हुई प्रगति निम्नानुसार है:

i. चुटका परियोजना के लिए भूमि, राजस्व अभिलेखों में एनपीसीआईएल के नाम पर स्थानांतरित कर दी गई है।
ii. एनपीसीआईएल ने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित भूमि और पुनर्स्थापन व पुनर्वास आर) & आर(पैकेज के लिए राशि जमा कर दी है। निजी भूमि के भूस्वामियों को मुआवजे का भुगतान पूरा हो गया है।
iii. विस्थापित किए जाने वाले परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों के लिए पुनर्स्थापन व पुनर्वास आर) & आरबस्ती (का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।
iv. परियोजना के लिए पानी के आबंटन हेतु राज्य सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

v. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से परियोजना के लिए पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त की गई है।

vi. भारत सरकार ने 10 शीघ्रगामी (फ्लीट) मोड रिएक्टरों के भाग के रूप में, चुटका परियोजना के लिए प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्रदान की है।

vii. चुटका सहित शीघ्रगामी (फ्लीट(मोड रिएक्टरों के लिए लंबे विनिर्माण चक्र उपकरण की खरीद शुरू की गई है।

viii. परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को आर & आर बस्ती में स्थानांतरित न किए जाने की वजह से भूमि का वास्तविक कब्जा अभी तक नहीं हुआ है।

(ख) परियोजना की अनुमानित लागत रुपए 21,000 करोड़ है और इसके लिए अर्जित कुल क्षेत्र 708.19 हेक्टेयर है।

(ग) व (घ) चुटका परियोजना कान्हा बाघ अभयारण्य सीमा से काफी दूर (50 किमी से अधिक आकाशीय दूरी) पर अवस्थित है। इसलिए अभयारण्य पर इसका कोई प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया के भाग के रूप में परियोजना का विस्तृत पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन का अध्ययन किया गया था।

* * * * *